देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन,
इंदौर – 452 001
दिनांकः– 27 OCT 2026

क्रमांकः गोपनीय/प्रायोगिक प./2026/625

प्रति,
प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या/निदेशक,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय
इन्दौर/धार/झाबुआ

विषय :–नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति सत्र 2026–27 स्नातकोत्तर स्तर के एक वर्षीय पी.जी डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर एवं एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रथम सेमेस्टर तथा द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की इंटर्नशिप/अप्रेंटिसशिप/सेमीनार/वेल्यू एडेड कोर्स (VAD) /प्रोजेक्ट वर्क मौखिक/प्रायोगिक परीक्षा आयोजित कर अंक प्रेषित करने संबंधी।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय में निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि सभी महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर के एक वर्षीय पी.जी डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर एवं एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रथम सेमेस्टर तथा द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के इंटर्नशिप/अप्रेंटिसशिप/सेमीनार/वेल्यू एडीड कोर्स (VAD)/प्रोजेक्ट वर्क की मौखिक/प्रायोगिक परीक्षा संपन्न की जाना है।

इंटर्नशिप/अप्रेंटिसशिप/सेमीनार/वेल्यू एडीड कोर्स (VAD)/प्रोजेक्ट वर्क विषय की मौखिक परीक्षा सभी संकायों के सभी विषयों के लिए होगा, जिसमें सभी विषयों के लिए बाह्य परीक्षक नियुक्त करना होंगे।

2. स्नातकोत्तर स्तर पर समस्त विषयों में इंटर्नशिप/अप्रेंटिसशिप/सेमीनार/वेल्यू एडीड कोर्स (VAD)/प्रोजेक्ट वर्क विषय की मौखिक परीक्षा कार्य, उसी विषय के शिक्षक (बाह्य परीक्षक नियमित/सेवानिवृत्त/कॉलेज कोड 28), जो देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्ध हो, को परिनियम 29 के प्रावधान अनुसार आमंत्रित कर परीक्षा कार्य संपन्न कराया जाना है। प्राचार्य/प्राचार्या स्वयं के महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक को बाह्य परीक्षक के रूप में नियुक्त नहीं कर सकते।

3. उपरोक्त हेतू परिनियम 29 के प्रावधानों के तहत बाह्य परीक्षक नियुक्त करने के लिए महाविद्यालय, के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को अधिकृत किया जाता है। कृपया उक्त कार्यवाही सम्पन्न कर जिन बाह्य परीक्षकों से इंटर्नशिप/अप्रेंटिसशिप/सेमीनार/वेल्यू एडीड कोर्स (VAD)/प्रोजेक्ट वर्क विषय की मौखिक परीक्षा का कार्य संपादन कराया गया है, उनके नाम पद व महाविद्यालय का नाम आदि की सूची विश्वविद्यालय को आवश्यक रूप से प्रेषित की जाए।

कृपया इंटर्नशिप/अप्रेंटिसशिप/सेमीनार/वेल्यू एडीड कोर्स /प्रोजेक्ट वर्क विषय की मौखिक परीक्षा के अंक कक्षावार/विषयवार अलग–अलग अंकतालिका (पर्ण/प्रतिपर्ण) में अनुक्रमांक सहित एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से भेजे जावे एवं एक प्रति हार्डकॉपी कम्प्यूटर सेंटर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय खण्डवा रोड, इन्दौर में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

नोट – अंक जमा करने की तिथि प्रथक से घोषित की जावेगी।

परीक्षा नियंत्रक
दिनांक : 27 OCT 2026

पृष्ठांकन क्रमांक/गोपनीय/प्रायोगिक प./2026/625
प्रतिलिपि :–

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग (म.प्र. शासन) इन्दौर ।
2. माननीय कुलपतिजी के सचिव, दे.अ.वि.वि.,इन्दौर ।
3. विभागाध्यक्ष, कम्प्युटर सेन्टर, दे.अ.वि.वि., इन्दौर ।
4. समस्त प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालयों की ओर इस आशय के साथ कि संबंधित महाविद्यालयों को अवगत कराये।
17. प्रभारी, प्रयोगिक परीक्षा सेल दे.अ.वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रस्तुत।